## सार-समाचार

### आई.ए.एस. रवि कुमार ने कार्य संभाला

**बाड़मेर**, (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि कुमार ने बाड़मेर जिला परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभाला। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि उनकी प्राथमिकता राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति एवं जरूरतमंदों को लाभांवित करवाना रहेगी। शुरूआती तौर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं एवं क्रियाकलाप की जानकारी लेने के साथ फील्ड विजिट को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका प्रयास रहेगा कि विकास कार्यों की स्वीकृति समय पर जारी होने के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के कार्मिकों के साथ टीम वर्क के माध्यम से कार्य करते हुए बेहतरीन परिणाम देने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार संभालने के उपरांत आईएएस रवि कुमार ने जिला परिषद कार्मिकों से उनकी ओर उनकी ओर से संपादित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इससे पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के अधिकारी कुमार ने निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी से पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे भरतपुर में उपखंड अधिकारी भरतपुर एवं नागौर में सहायक कलक्टर के पद पर सेवाएं दे चुके है।

### छात्रावास में देवनारायण जयंती मनाई

**जालोर**, (कासं)। राजकीय देवनारायण आदर्श बालिका छात्रावास जालोर में समर्पण सेवा संस्थान की ओर से भगवान देवनारायण जयंती समारोह का आयोजन बडे धुम धाम के साथ में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री डॉ. मंजु मेघवाल ने भगवान देवनारायण जयंती के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ मंजु मेघवाल ने बताया कि देवनारायण राजस्थान के लोक देवता, शासक ओर महान योद्धा थे। इनकी पुजा मुख्यत राजस्थान, हरियाणा तथा मध्य प्रदेश में होती है। इनका भव्य मंदिर आसींद में है। गुर्जर समाज में देवनारायण को भगवान की मान्यता है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक देवनारायण का जन्म राजस्थान के भीलवाडा जिले में आसींद विधानसभा क्षेत्र के मालासेरी गांव में राजा सवाई भोज पिता ओर साढु खटाणी माता के घर हुआ था।उनका जन्म विक्रम संवत 968 में माघ महीने की शुक्ला सप्तमी की तिथि को हुआ था। संस्थान अध्यक्ष उर्मिला दर्जी ने छात्राओं को भगवान देवनारायण जी द्वारा लोक कल्याण के लिए किये गये कार्यों के बारे में विस्तृत बताया तथा भगवान देवनारायण के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढने के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ, मंजु मेघवाल भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री, संस्था अध्यक्ष उर्मिला दर्जी, गटु देवी, शिल्पा, भावना, खुशबू, माया, लीला, मनिषा, पुष्पा सहित कई छात्राएं उपस्थित रहीं।

### पाली में कार पलटी, दो दोस्त घायल

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में दोस्त का जन्मदिन मनाने जा रहे एक दोस्तों की कार बीच रास्ते असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया। कोतवाली पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब पौने 11 बजे पाली शहर के सुमेरपुर रोड पर कार पलटने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। जहां सड़क किनारे कार पलटी नजर आई। दो युवक हादसे में घायल हो गए। जिनकी पहचान पाली के राजेंद्र नगर निवासी 23 साल के योगेंद्रसिंह पुत्र नारायण सिंह और मणी नगर निवासी 22 साल के गौर पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई। जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल एम्बूलेंस 108 के टीएमटी श्रवण प्रजापत, पायलट महेंद्र चौधरी के साथ तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल भेजा। जहां दोनों का उपचार शुरू करवाया गया। दोनों युवकों की हालत खतरे से बाहर है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोस्त का जन्मदिन होने के चलते दोनों कार से हाइवे की तरफ जा रहे थे। इस दौरान सुमेरपुर रोड पर शोरूम के पास इनकी कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे दोनों घायल हो गए ओर कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### शराब की दुकानें दो घंटे के लिए बंद रखी

**जोधपुर**, (कासं) । प्रदेश में हाल ही में शराब नीति में बदले गए कई नियमों के विरोध में उतरी लिकर कॉन्ट्रेक्टर यूनियन के आ ान पर मंगलवार को जोधपुर जिले की 377 दुकानें दो घंटे के लिए बंद रखी गई। जोधपुर शराब यूनियन के अध्यक्ष तेजाराम चौधरी ने बताया कि नई आबकारी नीति के विरोध में प्रदेश यूनियन के आ ान पर जोधपुर शहर की 166 और ठाामीण क्षेत्र की 211 शराब दुकानों सहित कुल 377 दुकानें सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पूर्णतया बंद रखी गई। चौधरी के अनुसार प्रदेश यूनियन की मांग है कि शराब दुकानों का समय पड़ोसी राज्यों की तर्ज पर रात 11 बजे तक किया जाए, क्योंकि राजस्थान में वर्तमान में भी बीयर बार रात 11 बजे तक चलते हैं, जहां शराब बेची जा रही है, तो सिर्फ दुकानों पर ही 8 बजे की पाबंदी क्यों रखी जा रही है। इसी तरह, शहर और ठाामीण इलाकों में आए दिन पुलिस द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप को भी पूरी तरह बंद करने के लिए सरकार गाइडलाइन जारी करे। वहीं नई शराब नीति के तहत दुकानों का समूह बनाया जा रहा है, जो छोटे दुकानदारों के लिए घातक साबित होगा। इसे खत्म कर दुकानों को वर्तमान गारंटी के अनुसार ही नवीनीकृत किया जाए। चौधरी ने बताया कि पिछले 20 साल में शराब दुकानों का कमिशन नाममात्र का ही बढ़ाया गया है, इसे तर्कसंगत करना चाहिए और पुरानी पेनल्टी को समाप्त किया जाए।

### पाली में अवैध शराब के साथ 3 गिरफ्तार

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में पुलिस ने अवैध शराब के साथ 3 युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कार और करीब 80 हजार की अंठोजी शराब जब्त की। एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि बताया कि सोमवार दोपहर बाद मुखबिर की सूचना पर एन.एच. 162 पर टीपी नगर थाने के एएसआई ओमप्रकाश चौधरी, कॉन्स्टेबल जस्साराम, रामनिवास, विजय, ओमाराम ने नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध कार आने पर उसे रुकवाया। तलाशी में कार में बनाए गए एक गुप्त बॉक्स में छुपाई गई हरियाणा निर्मित शराब की 79 बोतल मिली। जिसकी बाजार कीमत करीब 80 हजार रुपए थी। अवैध रूप से शराब परिवहन कर गुजरात ले जाने के मामले में 46 साल के प्रशांत चौहान पुत्र हर्षद भाई कड़िया निवासी कैलाश पार्क 13 नियर नटराज नगर यूनिवर्सिटी रोड राजकोट, 38 साल के भावाभाई पुत्र शालू भाई रेबारी निवासी अंबा पानी इकबालगढ़ जिला बनासकांठा और 22 साल के नरेश पुत्र भावेश भाई रेबारी निवासी डूंगरपुर जिला बनासकांठा गुजरात को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध शराब और कार जब्त की।

### 'शिक्षा के साथ सूर्य नमस्कार, योग जरूरी'

**धौरीमन्ना**, (कासं)। धोरीमन्ना क्षेत्र में सूर्य सप्तमी के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मूंढसर में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्रधान जगदीश दर्जी ने बताया कि सूर्यनमस्कार करने से शरीर स्वस्थ और क्रियाशील रहता है और विद्यार्थी जीवन में योग विद्यार्थी को निरोग और तंदुरुस्त बनाने में सहायता करते हैं। विद्यालय में कार्यरत अन्य सभी स्टांप साथी कुमारी मोहिनी, चंद्रा देवासी अमरचंद और बच्चों के अभिभावक गिरधारीराम मूंढ, भंवरा राम, रायचंद, पारू देवी, मोहिनी, पन्नी देवी,आंगनबाडी कार्यकर्ता मोहनी, सहित विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन कुमारी मोहिनी ने किया।

### 931.800 किलो डोडा चूरा जब्त किया

**जोधपुर**, (कासं) । केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने जोधपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई है। टीम ने 931.800 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। टीम ने यह कार्रवाई लूणी उनियारा रोड पर स्थित गांव फींच में की है। कार्रवाई को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा की टीम ने आईआरएस नरेश बुंदेल के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। सीबीएन चितौड़गढ़ यूनिट को अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर सूचना मिली थी। इस पर टीम ने 47 बोरों में भर 931.800 किलोग्राम डोडा चूरा को मामा जी महाराज के थान से जब्त किया। इसमें स्थानीय थाना पुलिस का भी सहयोग रहा। फिलहाल एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### अधेड़ ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के निकट विनायकपुरा भवाद गांव में रहने वाले एक अधेड़ ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। करवड़ पुलिस ने बताया कि विनायकपुरा भवाद गांव में रहने वाले 56 साल के रतनाराम विश्रोई ने अपने घर में फंदा लगा लिया। परिजन को पता लगने पर उन्हें फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर गए। मगर डॉक्टर ने उन्हें मृत बता दिया। पुत्र महिपाल विश्रोई ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

# नेशनल बॉक्सिंग में कांस्य पदक विजता आर्यन का सम्मान किया

**जालोर**, (कासं)। जिले के होनहार खिलाड़ी आर्यन सुपुत्र जितेंद्र ढाग ने राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता और जिले का मान बढाया। उनकी इस उपलब्धि पर जालोर जिला स्टेडियम में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां जिलेभर के गणमान्य नागरिकों, खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने उन्हें सम्मानित किया।

इस दौरान आर्यन को कुश्ती (ग्रैपलिंग) में भी कांस्य पदक जीतने पर विशेष रूप से सराहा गया। उनके संघर्ष, मेहनत और लगन को देखते हुए खेल जगत के विशेषज्ञों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वही खिलाडियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्टेडियम से लेकर शहर के विभिन्न मार्गों पर भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकडों खेल प्रेमी और नागरिक शामिल हुए। खिलाडियों की इस कामयाबी पर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड गई।इस विशेष आयोजन में एसपी ज्ञानचंद्र यादव, एडीओ नरेंद्र परमार, ग्रेपलिंग एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह टेकरा, उद्यमी तरुण




राष्ट्रीय स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जालोर पहुंचे आर्यन का स्वागत किया।
फोटो-राष्ट्रदूत

अग्रवाल, अनिल शर्मा, सीए विनोद राठौड, (माता) अध्यापिका सीता ओड, हंसराज ओड, संतोष ओड, जनप्रतिनिधि सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

सभी ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल के क्षेत्र में और ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान कोच प्रीतमसिंह राठौड ने खिलाडियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि जालोर के युवा खिलाडी लगातार मेहनत कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इस सम्मान समारोह ने जिले में खेलों के प्रति जागरूकता और खिलाडियों के हौसले को और अधिक मजबूत किया है।

# कोयम्बटूर-भगत की कोठी स्पेशल रेल सेवा बंद होने से प्रवासियों में रोष

**जालोर**, (कास)। समदडी भीलडी रेलखंड पर पिछले कई सालों से गाडियों के विस्तार व नई गाड़ियों का संचालन नही होने से प्रवासियों में रोष व्याप्त है।

प्रवासियों सहित स्थानीय लोगों ने कहा कि जालोर के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के चलते यहां रेल सेवा का विस्तार नहीं हो रहा है। जालोर से दक्षिण भारत व देश व प्रदेश की राजधानी से जुडाव नहीं है, जिससें यहां के लोग निजी बसों में सफर करने को मजबूर है। पिछले बीस सालों से केन्द्र में भाजपा की सरकार है। जालोर सांसद भी भाजपा पार्टी का होने बावजूद भी एक भी ट्रेन नहीं चलने से लोगों का गुस्सा दिनों दिन बढता जा रहा है।

समदडी-भीलडी रेल खंड पर कोयम्बटूर-भगत की कोठी 6181/6182 स्पेशल रेल सेवा के संचालन से बडी संख्या में प्रवासी यात्री लाभान्वित हो रहे थे, रेलवे द्वारा उक्त रेल सेवा के फेरों में लगातार बढोतरी कर यात्रियों को सुविधा दी जा रही थी। इस रेल सेवा के फेरों में वृद्धि नही होने से लोगों ने पिछले कई दिनों से हजारों ट्वीट मैसेज कॉल व पत्र लिखकर रेलमंत्री व सांसद लुंबाराम चौधरी को भेजे थे, लेकिन अभी तक इस ट्रेन का संचालन नही होने से लोगों मे रोष है

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने प्रवासियों को आश्वासन दिया था कि यह ट्रेन नम्बर 6181/82 कोईम्बटुर भगत की कोठी स्पेशल नियमित रूप से संचालित होगी और जनता ने विश्वास किया और आखिर में 9 महीने बाद बंद हो गई। इस ट्रेन में यात्री भार भी वातानुकूलित कोच होने के बावजूद भी बहुत अच्छा था लेकिन ट्रेन आखिरी बंद हो गई। सांसद लुंबाराम चौधरी ने पिछले दिनो दिल्ली में केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जालार लोकसभा क्षेत्र के लिए कई मांगे रखी थी लेकिन कोई सकारात्मक कार्यवाही नही होने से लोगो को सांसद के प्रति भी गुस्सा देखा जा रहा है

संसदीय क्षेत्र स्थित सिरोही जिला केन्द्र आजादी के 76 वर्षों के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड पाया है। सिरोहीवासियो को आज तक रेलवे नेटवर्क से जुडने का इंतजार है। सिरोही की जनता को ट्रेन के लिए 30 कि.मी. दूर पिंडवाडा स्टेशन अथवा राजधानी तथा सुपर फास्ट ट्रेन पकडने के आबूरोड 75 किमी दूर जाना पडता है।

# प्रबोधक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया



जालोर ब्लॉक प्रबोधक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ जिला शाखा जालोर के प्रबोधकों ने बुधवार को मुनेश कुमार मीना जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश कुमार मीना प्रारंभिक शिक्षा मुख्यालय जालोर के पद भार ग्रहण करने पर शिष्टाचार भेट कर बहुमान किया।

वही प्रबोधकों ने बाबु सिंह का अतिरिक्त प्रशासनिक पद पर पदोन्नत होने पर माल्यार्पण कर बधाई दी गई।

प्रबोधकों ने वेतन विसंगति दूर करने कि वाजिब मांग को लेकर व्यापक चर्चा कर उक्त मांग का ज्ञापन दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने जल्द से जल्द शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से विचार-विमर्श कर वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन दिया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष पारस गर्ग, संगठन मंत्री,भंवरूखान पठान, भीखा राम (संरक्षक), ब्लॉक उपाध्यक्ष हरचंद देवासी,जैरूपा राम देवासी,रता राम परमार, रतनलाल मोक, देवा राम चौधरी सहित कई प्रबोधक साथी मौजूद रहे।

## मंडलावत के नेतृत्व में धरना 7 को

**जालोर**, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जालोर आगामी 7 फरवरी को अपनी 11सूत्री मांगो को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के आगे धरना प्रदर्शन करेगे।

जिला मंत्री कैलाश डऊकिया ने बताया कि 7 फरवरी को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जालौर के जिलाध्यक्ष गोविंदसिंह मंडलावत के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर अपनी वाजिब मांगो को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा । डऊकिया ने बताया की केंद्र एवम् राज्य के करोडों कर्मचारी लंबे समय से एनपीएस का विरोध करते हुए ओपीएस लागू करवाने की मांग कर रहे हैं । जबकि केंद्र सरकार ने एनपीएस की बडी बहन यूपीएसलागू करने की ठान रखी है, जो महासंघ सहित किसी भी कर्मचारी संगठन को स्वीकार नहीं हैं । इसलिए आंदोलन आवश्यक हो गया है।

दूसरी ओर खेमराज कमेटी को सार्वजनिक तो किया है । लेकिन आम कर्मचारी को निराशा हाथ लगी है जिससे कर्मचारी जगत उक्त खेमराज कमेटी का विरोध करते हैं।

दूसरी और सरकार संविदा प्रथा को लेकर आम कर्मचारी को धोखे में रख रही है । जिससे केंद्र और राज्य मे अधिकाश पद रिक्त पडे हैं ।

# विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता संवाद आयोजित

**सांचौर**, (कासं)। भारतीय जैन संघटना सांचोर की ओर से मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य जागरुकता संवाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्रवक्ता गौतम बोथरा ने बताया की विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जैन संघटना सांचौर चैप्टर और लेडीज विंग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य और कैंसर के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञों, कैंसर विजेताओं और समाज के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।काय्क्रम का शुभारंभ श्रीपाल लुनिया द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुआ। इसके बाद मुमुक्षु साक्षी सिंघवी और मुमुक्षु सेजल बोथरा द्वारा नवकार मंत्र एवं प्रभु वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।

सांचौर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने स्वागत भाषण में स्वास्थ्य जागरूकता को समाज की प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया। इसके पश्चात कैंसर विजेता परिवार से पियूष बोथरा ने अपनी प्रेरणादायक संघर्ष गाथा साझा की। कैंसर योद्धा नारायण लाल जी बोथरा को उनके साहस और जुझारूपन के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया।

इसी कडी में जसवंत जैन ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर अपने विचार रखे, जबकि मूलचंद छाजेड ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा से जुडे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मसराराम जी चौधरी ने कैंसर से बचाव, प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में मुमुक्षु, विशिष्ट अतिथियों और कैंसर विजेताओं को उनके समाज के प्रति योगदान, स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान खुले मंच सत्र में उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मंच संचालन मूलचंद छाजेड और प्रकाश मालू द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। अंत में लेडीज विंग की अध्यक्षा मीना बोथरा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

इस आयोजन में विजय नाहटा, संजय मालू, राज बोहरा, नरेश मालू, नरेंद्र मालू, धीरज छाजेड़ , रमेश जैन, भंवर घोडा ,महावीर सिंघवी सहित दोनों शाखाओं के सदस्यों और समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## महासंघ के पोस्टर का विमोचन

जालोर, (कासं)। प्रदेश के आव्हान पर एक दिवसीय अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ का धरना जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे जालोर 11सूत्री मांगो को लेकर दिया जायेगा।

धरने कार्यक्रम के संयोजक किशनलाल सारण ने बताया कि कर्मचारियों की वाजिब मांगो को सरकार अनदेखा कर रही है । खैमराज कमेटी को सार्वजनिक के बाद कर्मचारी वर्ग को भयकर निराशा हाथ लगी वेतन विसंगति तक का प्रकरण संज्ञान मे कमेटी ने नहीं लिया ,क्रर्मचारी चयनित वेतनमान पुरे सर्विस मे चार की माँग कर रहे थे 8,16,24 व 32 पर मिले उनका जिक्र भी नहीं किया गया । कर्मचारी योग्यता रखते हुए भी जब पदोन्नती नहीं पाता है । तब उसी पद पर रहते हुए एसीपी का हकदार होता हैा आज सरकारी उपक्रम के खत्म किया जा रहा है । जहां स्कूलों को खोलने की जरूरत थी । वहां स्कूलों को बंद किया जा रहा है पदों की भर्तिया नहीं कर बिना भर्ती काम चलाना, संविदा पर नई नियुक्ति करना, पटवारी वर्ग की वाजिब मांग को अनदेखा करना, मंत्रालय कर्मचारियों के पुरे राजस्थान मे एक केडर होते हुए भी अलग अलग वेतनमान ए रही है सचिवालय कर्मचारियों के समान वेतन हो। प्रबोधको के 12900 की वेतन प्रकरण काफी लंबे समय से जस का तस है । कुक हेल्पर का वेतन न्यूनतम 18000 करना, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ता का मानदेय, आदि लंबे समय की माँग को स्वीकार ना करने से आम कर्मचारी वर्ग मे रोष व्यापत है। जिसको लेकर आगामी 7 फरवरी को जालोर कलेक्टर के आगे विशाल धरना दिया जायेगा अधिकाधिक भागीदारी का आव्हान किया। पोस्टर विमोचन के समय प्रगतिशील ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कुराडा, सीबीईओ पूनमचंद विशनोई, भँवरलाल विश्नोई सरनाऊ, प्रधानाचार्य रामनिवास, मंगलाराम, संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम मांजू, ब्लॉक अध्यक्ष पूनमाराम सरनाऊ, शंकर लाल डारा ब्लॉक मंत्री,ओमप्रकाश विशनोई, गणपत लाल सारण , कुंभाराम देवासी, भारमल कुराडा, पूनमचंद बलाना सहित बडी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आगजनी से प्रभावित हुए परिवार को राहत सामग्री दी



जालोर के पास चुंडा गांव में शिव सेना कार्यकर्ताओं ने आगजनी की घटना के बाद पीड़ित परिवार को राहत सामग्री उपलब्ध करवाई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। शिव सेना यू.बी.टी. जालोर के जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित के निर्देशन में चुंडा गांव में उकनाथ जोगी के घर में आग लगने से घर का संपूर्ण सामान जलकर नष्ट होने पर शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने राहत सामग्री उपलब्ध करवाई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चुंडा गांव में कुछ दिन पूर्व आग से उकनाथ जोगी के घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया।

शिव सेना जालोर की ओर से वर्तमान में सर्दी होने के कारण पीडित परिवार को सर्दी से बचाव के लिए तत्काल किराना समान, पलंग, बिस्तर, रजाई, स्वेटर, आटा, तेल व भोजन सहित अन्य पकाने की सामग्री पीडित परिवार को दी। मौके पर पटवारी को बुलाकर पीडित को सरकार की ओर से भी अधिक सहायता दिलवाने के लिए नुकसान का सर्वे करवाकर सहायता दिलवाने का आग्रह किया।

इस दौरान शिवसेना उपजिला प्रमुख नारायण सिंह राजपुरोहित, शिवसेना जिला सचिव योगी शेषनाथ, जालौर शहर प्रमुख मिश्रीमल परिहार सहित अन्य पदाधिकरी मौजूद रहे।

# वाल्मीकि समाज का रक्तदान शिविर व भक्ति संध्या आयोजित

**पाली**,(नि.सं.)। वाल्मीकि समाज के धर्मगुरू महर्षि नवल स्वामी जी महाराज के 242 वी जयंती समारोह के उपलक्ष वाल्मीकि समाज के कई कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें पुराना बस स्टैंड से बैंड बाजा ढोल नगाड़ा के साथ भव्य रैली के रूप में मंडिया रोड तक पहुंच कर भक्ति संध्या का लाभ लिया।

बांगड़ हॉस्पिटल पाली में युवाओं द्वारा रक्तदान कर वाल्मीकि समाज के धर्मगुरु को पुष्पांजलि अर्पित की। मनीष जावा ने बताया कि मुख्य अतिथि नगर निगम के आयुक्त नवीन भारद्वाज जो स्वयं खुद अपना ब्लड देकर समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम की समाज की गठित टीम ने सफल बनाया। रक्तदान के क्षेत्र में संयोजक लक्ष्मण ढंजा, मनोज आदिवाल, दिनेश अटवाल, कामलेश जावा, अनिल सरपटा, मनीष जावा, रैली के संयोजक नेमीचंद जावा, हरि, भजन आर्य, मीठालाल चावरिया, छगनलाल आदिवाल, अर्जुन चौहान, चिमन लाल जावा, लालचंद जावा, राकेश बारेशा, कालू राम चनाल, रविदास जावा, कैलाश घावरी, विनोद हंस, गणपत बारेश, कैलाश आदिवाल, राहुल घावरी, भक्ति संध्या संयोजक महाराज रमेश आदिवाल, द्वारका प्रसाद जावा, फकीरचंद आदिवाल, रमेश हंस, राजेंद्र घावरी, भारत आदिवाल,। राजकुमार आदिवाल, राकेश कंडारा, नरपत कंडारा, मोंटू घावरी, वाल्मीकि समाज के कई लोग नवल गुरू महाराज के कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर आज से

**जोधपुर**, (कासं) । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के हित एवं कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा गत 13 दिसंबर को अजमेर में आयोजित किसान सम्मेलन में एग्रीस्टैक योजना में फार्मर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट अंतर्गत किसानों के फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। कृषि विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जोधपुर जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर चरणबद्ध शिविरों से 5 फरवरी से फार्मर्स रजिस्ट्री शिविर लगाए जाएंगे । कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्रीस्टेक योजनांतर्गत जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाए जाएंगे। अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के सम्पादन के लिए जिला स्तर पर अपर जिला कलक्टर एवं प्रभारी अधिकारी (भू.अ.) कार्यालय हाजा सुरेंद्र सिंह पुरोहित को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

उपखंड परिक्षेत्र में स्थित समस्त ग्राम पंचायतां में फॉमर्स रजिस्ट्री शिविरों के प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए सम्बन्धित उपखंड अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर अग्रवाल ने बताया कि 5 फरवरी से 7 फरवरी तक जोधपुर की ओसियां तहसील की ग्राम पंचायत पंडित जी की ढाणी, तहसील भोपालगढ़ की ग्राम पंचायत झालामलिया, तहसील कुड़ी भगतासनी की ग्राम पंचायत सांगरिया, तहसील तिंवरी की ग्राम पंचायत राजासनी, तहसील झंवर की ग्राम पंचायत बोरानाडा, तहसील लूणी की ग्राम पंचायत सर, तहसील बिलाड़ा की पिचियाक, तहसील पीपाड़ शहर की ग्राम पंचायत मलार, तहसील सेखाला की ग्राम पंचायत देड़ा, तहसील शेरगढ़ की ग्राम पंचायत रामगढ़, तहसील जोधपुर की ग्राम पंचायत बिसलपुर व ग्राम पंचायत महादेव नगर उन्देड़ा, तहसील चामू की ग्राम पंचायत देवानिया, तहसील बालेसर की ग्राम पंचायत बावरली, तहसील बावड़ी की ग्राम पंचायत खेड़ापा मे शिविर लगाये जाएंगे।

# सुंधा माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज से

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के भीनमाल रोड पर स्थित माली समाज सुन्देशा गौत्र की कुलदेवी सुंधामाता के नव निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होंगे।

श्री सुन्धा माता मंदिर सुन्देशा माली सेवा समिति के अध्यक्ष हुकमीचंद सुन्देशा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को सुबह 8 बजे शहर के कस्तुरबा कॉलोनी स्थित सब्जी मंडी से शोभायात्रा रवाना होगी। जो 15० से अधिक महिला व बालिकांए सर पर कलश धारण कर गाजे बाजे के साथ रवाना होकर हरिदेव जोशी सर्कल, अस्पताल चौराह, राजेन्द्र नगर, जागनाथ महादेव मंदिर के पास से मीरा दातार, तासखाना बावडी से होते हुए मंदिर तलहटी तक पहुंचेगी।

अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में मनोहर रिया एंड पार्टी, महाराष्ट के नासिक ढोल मंडली के द्वारा आकर्षक प्रस्तुतिया दी जायेगी। इसके साथ ही हाथी, घोडे व रथों में मंदिर में स्थापित होने वाली मुर्तियों को लेकर भामाशाह परिवार शोभायात्रा में शामिल होगे। शोभायात्रा के बाद मंदिर परिसर में जीव मातृका पूजन, वरूण पूजन, नव कलश पूजन, गणपति पूजन का कार्यक्रम होगा। तथा शाम को 3 से 5 बजे तक रानीवाडा के ज्ञान आत्मानंद महाराज के द्वारा प्रवचन एवं सत्संग व रात 9 बजे से भजन गायक प्रकाश माली गोयली, हेमलता वैष्णव व पिकी गहलोत के द्वारा एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतिया दी जायेगी।